Regarding expansion of Saharsa Airport, Bihar-Laid

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** बिहार राज्य के सहरसा प्रमंडलीय मुख्यालय का मुख्य शहर है, यहाँ दर्जनों शैक्षणिक संस्थान है । यहाँ से बड़ी संख्या में लोग विदेशों में रह रहे है । यहाँ से हवाई सेवा उपलब्ध नहीं रहने के कारण लोगों को भारी दिक्कत हो रही है । सरकार ने क्षेत्रीय उड़ान योजना अन्तर्गत सहरसा हवाई अड्डा को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है । वर्तमान समय में सहरसा हवाई अड्डा के अंतर्गत 62 एकड़ जमीन है और इसके रनवे की लम्बाई 854 मीटर है । बिहार सरकार रनवे विस्तार के लिए 99 एकड़ अतिरिक्त जमीन अधिगृहित करा रही है, जिससे रनवे की कुल लम्बाई 2744 मीटर हो जाएगी । सहरसा हवाई अड्डा के विस्तारीकरण के योजना का प्री-फिजिबलिटी, सर्वेक्षण एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों ने 3 फरबरी 2025 को किया है । अतः मैं नागरिक उडयन मंत्री जी से मांग करता हूँ कि सहरसा में हवाई अड्डा की आवश्यकताओं को देखते हुए उसकी स्वीकृति जल्द दी जाय ।